# दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन के रूप में विकसित होगा 'नया नोएडा'

कुंदन तिवारी • नोएडा

**जागरण एक्सक्लूसिव**

औद्योगिक निवेश को बढ़ावा देने के लिए उप्र सरकार जल्द ही दादरी-नोएडा-गाजियाबाद इन्वेस्टमेंट रीजन (डीएनजीआइआर) विकसित करने के लिए नोएडा प्राधिकरण को जिम्मेदारी सौंप सकता है। इसे नए नोएडा के रूप में विकसित किया जाएगा। गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर व सिकंदराबाद के करीब 80 गांव की 20 हजार हेक्टेयर जमीन पर इस शहर को विकसित किया जाएगा। नोएडा के विकास के समय जो कमियां रह गई थीं, उन्हें दूर करते हुए अत्याधुनिक सुविधाएं यहां उपलब्ध कराई जाएंगी। नए नोएडा के रूप में बसने वाला यह शहर बोड़ाकी रेलवे स्टेशन, डीएमआइसी, नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आगरा यमुना एक्सप्रेस-वे, जीटी रोड, ईस्टर्न पेरिफेरल हाईवे के नजदीक होगा।

पहले इसे ग्रेटर नोएडा फेस-2 के रूप में विकसित किया जाना था, पैसों की कमी और संसाधनों के अभाव में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण इसे विकसित नहीं कर सका। इसके बाद इसकी जिम्मेदारी यूपीसीडा को सौंपी गई। लेकिन, यही दिक्कत यूपीसीडा के सामने भी आई। ऐसे में अनुभव के आधार पर इसे विकसित करने की जिम्मेदारी नोएडा प्राधिकरण को सौंपी जा सकती है।

शेष >> पेज 5